सेल SAIL

Great Place To Work® Certified JAN 2025-JAN 2026 INDIA

my GOV मेरी सरकार

सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता 2025

"अपने भीतर के कहानीकार को करें उजागर"

–विषय–

सेल: खुशियों की संस्कृति का निर्माण,
जहां हर मुस्कान मायने रखती है

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED

सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता – 2025

–विषय–

**सेलः खुशियों की संस्कृति का निर्माण,
जहां हर मुस्कान मायने रखती है**

–भाषा–

हिन्दी या अंग्रेजी

क्या आप कहानी कहने के शौकीन हैं? क्या आपके शब्दों में लोगों को मोह लेने या बांध लेने की ताकत है? क्या आप एक उभरते हुए लेखक हैं? यदि हां तो यह मौका बस आपका ही इंतज़ार कर रहा है...

"सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता – 2025" में भाग लेकर आप अपने लेखन कौशल और रचनात्मकता से दुनिया को चौंका सकते हैं। आप चाहे वास्तविक कहानी लिखना चाहें या फिर काल्पनिक, सभी शैलियों और विधाओं के लिए "सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता – 2025" खुली हुई है।

फिर देर किस बात की, अपना कागज–कलम उठाईये या फिर लैपटॉप के की–बोर्ड पर अपनी रचनात्मकता और कल्पना के घोड़े दौड़ाइए... और हमें लिख भेजिये "सेलः खुशियों की संस्कृति का निर्माण, जहां हर मुस्कान मायने रखती है। SAIL : Building a Culture of Happiness, Where Every Smile Matters" विषय पर अपनी कहानी ...

उद्देश्य

रचनात्मकता और लेखन कौशल को उजागर करनाः

यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के नागरिकों की रचनात्मकता को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता, प्रतिभागियों को अपनी कल्पना को शब्दों में ढालने, नए विचारों को सामने लाने और विभिन्न साहित्यिक शैलियों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित करती है।

सेल से जोड़नाः

यह प्रतियोगिता, प्रतिभागियों को भारत के विकास में सेल के योगदानों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे राष्ट्रीय विकास में कंपनी की भूमिका की गहरी समझ पैदा हो।

प्रतिभा का प्रदर्शन और उपलब्धि को पहचाननाः

यह प्रतियोगिता उभरते लेखकों को अपनी प्रतिभा दिखाने और उनके रचनात्मक प्रयासों को पहचान देने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

– सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता के लिए दिशानिर्देश –

1. इस प्रतियोगिता में देश का कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। सेल के सभी वर्तमान और सेवानिवृत्त कार्मिक और उनके परिवारजन भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। (सेल के नई दिल्ली स्थित निगमित कार्यालय के निगमित कार्य प्रभाग के कार्मिक इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं)
2. भाषा – हिंदी और अंग्रेजी
3. इस प्रतियोगिता में एक प्रतिभागी केवल एक प्रविष्टि भेज सकता है।
4. कहानी लेखन प्रतियोगिता की शब्द सीमा 800 शब्द है। 800 शब्दों से अधिक की कहानी होने पर 10% अंक काटे जाएंगे।
5. कहानियों का मूल्यांकन निर्णायकों की एक जूरी द्वारा किया जाएगा।
6. हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में 4 उत्कृष्ट कहानियों के लेखकों को निम्नलिखित पुरस्कारों से प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा।

सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता – 2025

प्रतियोगिता 2025

क्र.सं.	पुरस्कार के नाम	भाषा	राशि (रुपये में)
1.	सेल कहानी लेखन डायमंड अवार्ड 2025 – हिन्दी	हिन्दी	10,000
2.	सेल कहानी लेखन गोल्ड अवार्ड 2025 – हिन्दी	हिन्दी	7,500
3.	सेल कहानी लेखन सिल्वर अवार्ड 2025 – हिन्दी	हिन्दी	5,000
4.	सेल कहानी लेखन ब्रॉन्ज अवार्ड 2025 – हिन्दी	हिन्दी	2,500
5.	सेल कहानी लेखन डायमंड अवार्ड 2025 – अंग्रेजी	अंग्रेजी	10,000
6.	सेल कहानी लेखन गोल्ड अवार्ड 2025 – अंग्रेजी	अंग्रेजी	7,500
7.	सेल कहानी लेखन सिल्वर अवार्ड 2025 – अंग्रेजी	अंग्रेजी	5,000
8.	सेल कहानी लेखन ब्रॉन्ज अवार्ड 2025 – अंग्रेजी	अंग्रेजी	2,500

7. पुरस्कृत कहानियों को सेल के इन–हाउस जर्नल "सेलन्यूज़" में भी प्रकाशित किया जा सकता है।
8. कहानी को निम्नलिखित मानकों के अनुसार भेजना है:
   - i. **फ़ॉन्ट प्रकार:** अंग्रेजी के लिए टाइम्स न्यू रोमन और हिंदी के लिए यूनिकोड
   - ii. **फ़ॉन्ट का आकार:** 12
   - iii. **लाइनों के बीच जगह:** डबल
   - iv. पृष्ठ संख्या अंकित होनी चाहिए
   - v. उद्धरण इटैलिक में होना चाहिए
   - vi. कहानी के अंत में शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिए

9. **कहानियों के मूल्यांकन के लिए मानदंड**

क्र. सं.	मानक	अंक
1.	रचनात्मक लेखन	30
2.	कहानी प्रवाह	6
3.	व्याकरण	4
4.	देश या समाज या मानवता के लिए संदेश	5
5.	शब्दसीमा का पालन (800 शब्दों के भीतर)	5
	कुल	**50**

10. इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी **www.mygov.in** पोर्टल पर पंजीकरण करके, अपनी कहानी सबमिट कर सकते हैं। कहानी सबमिट करने की समय सीमा 10 मार्च, 2025 को प्रातः 11:45 बजे भा.मा.स. (जीएमटी + 5:30 बजे) तक है।
11. किसी भी तरह के स्पष्टीकरण के लिए, कार्यदिवस (सुबह 9 बजे से शाम 5:30 तक, सोमवार से शनिवार) के दौरान संपर्क करें:
    विनय जायसवाल, सहायक महाप्रबंधक (निगमित कार्य) 9968605464 / 011 24300495
12. इस प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम **www.mygov.in** पोर्टल के साथ–साथ सेल वेबसाइट **(www.sail.co.in)** और सेल के सोशल मीडिया हैंडल्स (Facebook, X-Twitter and Instagram) पर घोषित किए जाएंगे।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड

STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED

There's a little bit of SAIL in everybody's life

/SAILsteelofficial /SAILsteel /steelauthority /Steel-Authority-Of-India-Ltd